विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम
33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैक्टर–18 प्रथम तल,
अपोजिट सब मॉल, नोएडा (गौतमबुद्धनगर) 201301
E-mail ID-seeudc1noida@pvvnl.org Phone No.-0120-2970431
C.I.N. –U131200 UP200S5GC 027458

पत्रांक : 289 /वि0न0वि0मं0–प्रथम/नोएडा/निविदा

दिनांक : 30.01.2023

विषयः **ई–निविदा सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में ।**

**विज्ञापन व्यवस्थापक,**
**पंजाब केसरी,**
**दिल्ली।**

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में अगले अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट में तथा अंगेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 6–8 प्वांइन्ट में रनिंग मैटर में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें । हैडिंग के नीचे के नाम व पता यथा सम्भव एक लाईन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें । विज्ञापन में शीर्ष निगम का मोनोग्राम एवं सबसे नीचे इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक भी सबसे छोटे पठनीय टाईप में अवश्य प्रकाशित करें ।

1. वर्गीकृत विज्ञापन दो कॉलम में (चौड़ाई 8 सेमी0) अथवा निविदा शुद्धिकरण/वैधानिक सूचनाओं को 1 कॉलम (चौड़ाई 4 सेमी0) में प्रकाशित करें निगम का नाम पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 14 फोन्ट साईज B/W पट्टी बोल्ड शब्दों (चौड़ाई 1 सेमी0) में प्रकाशित करें
2. विज्ञापन के बाद प्रकाशन आदेश की मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियाँ संलग्न करते हुए भुगतान प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव न होगा ।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंगेजी भाषा में एवं तथा हिन्दी समाचार पत्र में हिन्दी भाषा में ही किया जाये । हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंगेजी भाषा पत्र की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा ।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा ।
5. टेन्डर/ सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें ।
6. यदि आपकी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन डी0ए0वी0पी0 निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
7. विज्ञापन के अंत में सबसे छोटे टाइप में विद्युत हैल्पलाईन 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ) तथा राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें का नारा अवश्य प्रकाशित करें ।
8. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका अथवा निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः यथा उपरोक्त

भवदीय

अधीक्षण अभियन्ता

Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)

पत्रांक : 289 /वि0न0वि0मं0–प्रथम/नोएडा/निविदा/तद्दिनांक : 30.01.2023

प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. N.I.E.L.I.T. (DOEACC CENTRE) Unit PVVNL, MEERUT को डिस्कॉम की वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए ।
2. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा ।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ ।
4. लेखाधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, नोएडा।

संलग्नकः यथा उपरोक्त।

अधीक्षण अभियन्ता

Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)

Seen

S.E.
E.U.D.C.I
Noida

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0

## ई–निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा वि0न0वि0मं0– I, नोएडा के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु **अल्पकालीन ई–निविदाएं** आमंत्रित की जाती हैं:–

1. ई–निविदा सं0 84/EUDC-I/2022-23/Noida (कार्य), जर्जर फीडर पैनल बदलने का कार्य (EUDD-I)।
2. ई–निविदा सं0 85/EUDC-I/2022-23/Noida (कार्य), 11 केवी वीसीबी/ओसीबी की मरम्मत एवं ओवरहालिंग का कार्य (EUDD-V)।
3. ई–निविदा सं0 86/EUDC-I/2022-23/Noida (कार्य), 33 केवी वीसीबी की मरम्मत एवं ओवरहालिंग का कार्य (EUDD-V)।
4. ई–निविदा सं0 87/EUDC-I/2022-23/Noida (कार्य), क्षतिग्रस्त पोल बदलने का कार्य (EUDD-I)।
5. ई–निविदा सं0 88/EUDC-I/2022-23/Noida (कार्य), 25 से 160 केवी तक के क्षतिग्रस्त वितरण परिवर्तक बदलने का कार्य (EUDD-I/V/VII)।

उपरोक्त ई–निविदा के खुलने की दिनांक 14.02.2023 समय 17:00 है।

विस्तार से सभी जानकारी, संशोधन एवं अवधि विस्तार हेतु **E-Tendering Website** **www.etender.up.nic.in** पर लॉग ऑन एवं **www.pvvnl.org** पर सर्च करें। विद्युत चोरी की सूचना हैल्प लाईन नं0–1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ) एवं 9412207451 पर दें।

**"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाऐं"**

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम,
नोएडा

Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle-1
Paschimanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
Noida (Gautam Buddh Nagar)

Sd/-
S.E.
E.U.D.C I
Noida.